>

Title: Need to run 15-coach local trains on Mumbai suburban railway network-laid

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): माननीय रेल मंत्री महोदय ने एक वर्ष पूर्व घोषणा की थी कि मुम्बई के सभी लोकल ट्रेन को 15 कोच वाली ट्रेन के रूप में जल्द ही परिवर्तित किया जाएगा और उन्होंने निरंतर प्रयास भी किया है जिसके लिए मैं माननीय महोदय का आभार व्यक्त करता हूँ । वर्तमान में अधिकांश 12 कोच वाली लोकल ट्रेन सेन्ट्रल रेलवे और वेस्टर्न रेलवे द्वारा मुम्बई और सबअरबन में चलाई जा रही है जिसकी क्षमता 3000 यात्रियों की होती है और 5500 यात्री पीक ऑवर में सफर करते हैं । 15 कोच वाली ट्रेन की क्षमता 4200 यात्री की होती है जिसमें पीक ऑवर में लगभग 7000 यात्री सफर कर सकेंगे । इस प्रकार से 15 कोच वाली ट्रेन चलाए जाने पर लगभग 25 प्रतिशत क्षमता में वृद्धि हो जाएगी । 15 कोच वाली ट्रेनों को चलाने के लिए सभी प्लेटफॉर्म को भी इसके अनुकूल बनाना होगा और प्लेटफॉर्म के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना होगा । वर्तमान में जो प्लेटफार्म हैं वे 12 कोच वाली लोकल ट्रेन के अनुकूल हैं । सबसे पहले प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ाकर 15 कोच के अनुकूल बनानी चाहिए ताकि सुगमतापूर्वक 15 कोच वाली लोकल ट्रेन चलाई जा सके ।

माननीय रेल मंत्री जी के प्रयासों से इस एक वर्ष में 15 कोच वाली लोकल ट्रेनों का चलना शुरू हो गया है । परन्तु प्लेटफार्म की लम्बाई बढ़ाकर मुम्बई के सभी लोकल स्टेशन पर 15 कोच वाली ट्रेन के रूप में ऐसी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए और सभी 12 कोच वाली लोकल ट्रेन को 15 कोच वाली लोकल ट्रेन में परिवर्तित करना चाहिए, ऐसी मेरी माननीय मंत्री जी से मांग है ।